कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक– 13 /11–सी–**FP/UP/Thermal/14236/2015**, दिनांक, लखनऊ, जुलाई 5 /2016

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
मिर्जापुर वन प्रभाग,
मिर्जापुर।

विषय– वेलस्पन एनर्जी यू0पी0 प्रा0लि0 द्वारा ग्राम–ददरी खुर्द, तहसील–सदर, जिला–मीरजापुर में प्रस्तावित 1320(2 X 660) मेगावाट ताप विद्युतगृह की स्थापना हेतु जलापूर्ति बाबत भूमिगत वाटर पाइप लाईन एवं सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 8.3581 है0 आरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 296 वृक्षों के पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ– आपके कार्यालय का पत्रांक–3724/16/मीरजापुर/15, दिनांक 25.06.2016

महोदय,

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय, भारत सरकार के पत्रांक–8बी/08/38/2016/एफ.सी./79, दिनांक 13.05.2016 द्वारा पाई गई त्रुटियों का निराकरण आपके उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया। जिसके परीक्षणोपरान्त पुनः निम्नलिखित कमियॉ/त्रुटियॉ पाई गईः–

1– प्रस्ताव में सभी वचनबद्दताओं पर प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर नहीं है।

2– प्रस्तावक संस्था द्वारा पूर्व मे जस्टीफिकेशन नोट में 7.6398 है0 अंकित कर पार्ट–ए में अपलोड किया गया था जिसे अभी भी 8.3581 है0 संशोधित कर अपलोड नहीं किया गया है।

3– गजट नोटिफिकेशन प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर अंकित है परन्तु मार्ग को चिन्हित नहीं किया गया है।

4– प्रस्ताव के पृष्ठ सं–12 व 13 पर संलग्न टोपोशीट पर शीर्षक, इन्डेक्स एवं लीजेण्ड अंकित नहीं किया गया है।

5– बाधक वृक्षों का विवरण संलग्न है परन्तु प्रत्येक पृष्ठ पर प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर नहीं है।

6– ऑन–लाइन प्रस्ताव के भाग–2 के क्रमांक–7 में कोई डाटा फीड नहीं किया गया है।

उक्त बिन्दुओं का निराकरण कर, भारत सरकार द्वारा लगाई गई सभी आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण इस कर्यालय द्वारा प्रेषित पत्रांक–2501/11–सी, दिनांक 24.05.2016 के निर्धारित प्रारूप (टैबुलर फार्म) में ही उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

5/7/16

(अरविन्द गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी
उ0प्र0, लखनऊ।

संख्या– 13 / दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर।

2 श्री अनुराग चोखलानी, अधिकृत प्रतिनिधि, वेलस्पन एनर्जी, यू0पी0 प्रा0लि0, मिर्जापुर।

5/7/16

(अरविन्द गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी
उ0प्र0, लखनऊ।